शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
S.B.C.Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146
(श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध)
Website: www.gdcpokharitehri.in E-Mail:- gdcpokhritehri@yahoo.com

Antidrug Cell

महाविद्यालय में एंटीड्रग सेल के माध्यम से माह अप्रेल–2023 में किये गये कार्य

"नशा मुक्त उत्तराखंड-2025" जन जागरूकता रैली

25-04-2023

आज दिनांक 25.04.23 को शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की एनएसएस इकाई द्वारा "नशा मुक्त उत्तराखंड-2025" के अन्तर्गत एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय से पोखरी बाज़ार तक नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर एक भव्य रैली का आयोजन किया. इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा किया गया. उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने नेतृत्व में रैली निकाली गयी, जिसमें छात्र छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा किया. पोखरी बाज़ार पहुँचकर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित सभी स्वयंसेवियों ने पोखरी बाज़ार में अवस्थित सभी दुकानदारों से अपील की कि सभी दुकानदार इस बात का प्रयास करें कि एक तो नशे से सम्बंधित वस्तुयें बेचे ही नहीं यदि फिर भी बेचना ही है तो कम से कम 18 साल से कम आयु के बच्चों को किसी भी हाल में नशे से जुड़े उत्पाद पान. सिगरेट. गुटका. जर्दा इत्यादि बिल्कुल भी न दें. इसके बाद महाविद्यालय से 12 किमी दूर आज गजा तहसील परिसर में भव्य मेले में भी हमारे एनएसएस के स्वयंसेवियों ने नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए रैली निकाली और मेले में आएँ तमाम जनसमुदाय को नशे की हानियाँ बताते हुए नशे मुक्ति अभियान से रूबरू कराया. मेले में भी सभी दुकानदारों से यही आग्रह किया गया कि वे प्रयास करें कि कम से कम 18 साल से कम आयु के बच्चों को किसी भी हाल में नशे से जुड़े उत्पाद पान. सिगरेट. गुटका. जर्दा इत्यादि बिल्कुल भी न दें.

इसके बाद यह रैली गजा चौकी पर पहुँची जहाँ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सचिन पुंडीर, चौकी प्रभारी धन सिंह उनियाल और उनकी पूरी टीम ने स्वयंसेवियों हेतु सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की और उनको नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने हेतु बधाइयाँ प्रेषित करते हुए महिला पुलिस अधिकारी ने छात्राओं के मोबाइल में उत्तराखंड पुलिस ऐप भी इनस्टॉल करते हुए उसके महत्व के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया. आज की इस रैली में महाविद्यालय से डॉ० सरिता देवी, डॉ० सुमिता पंवार, श्रीमती रचना राणा. कु० अमिता. श्री नरेन्द्र बिजल्वाण, श्रीमती सुनीता असवाल बच्चों के साथ रहें और इस गतिविधि में उनका उत्साहवर्धन करने के साथ साथ सहयोग भी किया.

इस रैली के भव्य आयोजन में मनीषा, सिमरन, काजल, नीलम, निकिता, काजल, अनिशा, नरेंद्र, प्रदीप, मनीष, सुमन, मंजु इत्यादि स्वयंसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई.

नशा मुक्ति अभियान
जन जागरूकता रैली
25.04.2023
राष्ट्रीय सेवा योजना
नशा मुक्ति अभियान
Tehri Garhwal, UT, India
रिपोर्टिंग पुलिस चौकी
का उद्घाटन
श्री सुबोध उनियाल जी